ईटीआई मूल नियमावली के प्रति प्रतिबद्धता क्यों?

Ethical Trading Initiative
Respect for workers worldwide

www.ethicaltrade.org

रोजगार स्वतंत्रता से चुना जाता है

दासत्व या बंधुआ मजदूरी बिल्कुल अस्वीकार्य है। लगभग 21 मिलियन लोग बंधुआ मजदूरी के षिकार हैं।

मिलने–जुलने और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार की स्वतंत्रता का सम्मान किया जाता है

ट्रेड यूनियन का निर्माण करने या ट्रेड यूनियन में शामिल होने या अपने कार्य करने की परिस्थितियों में सुधार करने के प्रयास में हर वर्ष लाखों मजदूर अपने रोजगार खो देते हैं। कई कामगारों को तो अपनी जान भी गंवानी पड़ती है।

काम करने की परिस्थितियां सुरक्षित और स्वच्छ होती हैं

अनुमानतः 2.3 मिलियन लोग हर वर्ष काम से संबंधित दुर्घटनाओं और बीमारियों से मरते हैं।

बाल मजदूरी का इस्तेमाल नहीं किया जाता है

168 मिलियन बच्चे अपने परिवारों की सहायता के लिए काम करते हैं। इस वजह से उनकी पढ़ाई छूट जाती है और प्रायः उनके स्वास्थ्य को भी नुकसान होता है। इससे गरीबी और भी अधिक बढ़ती जाती है।

जीवन–निर्वाह के लिए पर्याप्त वेतन दिया जाता है

मोटे तौर पर दुनिया की आधी आबादी अभी भी दो डॉलर प्रति दिन पर अपना गुजारा करती है। यदि लोग वयस्कों की कमाई से अपने परिवारों का पेट नहीं भर पाते हैं तो अपने बच्चों को काम पर भेजते हैं।

काम करने के घंटे जरूरत से ज्यांदा नहीं हैं

दुनिया के अधिकांश कामगारों के काम करने के घंटे बहुत अधिक हैं। इससे उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचता है और पारिवारिक जीवन भी प्रभावित होता है।

कोई भेदभाव नहीं किया जाता है

महिलाओं और कुछ अल्पसंख्यकों को प्रायः बिना किसी प्रशिक्षण और पदोन्नति के कम भुगतान वाले कार्यों तक सीमित रखा जाता है।

नियमित रोजगार प्रदान किया जाता है

अधिकांश कामगारों को नियोक्ता की सहूलियत के मुताबिक काम से निकाला जा सकता है। इससे गरीबी और असुरक्षा बढती है और मजदूरी घटती है।

किसी भी कठोर या अमानवीय व्यवहार की अनुमति नहीं है

बहुत कम कामगारों को कार्यस्थल पर शारीरिक, मौखिक या यौन दुर्व्यवहार से सुरक्षा प्राप्त है।